71-4002(002)/4/2021

संख्या- 18/2021/62745/71-4-2021

प्रेषक,

आलोक कुमार,

प्रमुख सचिव,

उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

कुलसचिव,

अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय,

उ0प्र0, लखनऊ ।

चिकित्सा शिक्षा अनुभाग-4 लखनऊ : दिनांक 07 अप्रैल, 2021

विषयः- वित्तीय वर्ष 2021-22 में अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय, उ0प्र0, लखनऊ के कार्मिकों के वेतन एवं गैर वेतन मद की वित्तीय स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय, उ0प्र0, लखनऊ हेतु वित्तीय वर्ष 2021-22 में वेतन मद एवं गैर वेतन मद में निम्नलिखित तालिका के कालम-2 उल्लिखित प्राविधानित धनराशि के सापेक्ष तालिका के कालम-3 में उल्लिखित धनराशि अवमुक्त करते हुए आपके निर्वतन पर रखे जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति निम्नलिखित शर्तो/प्रतिबन्धों के अधीन प्रदान करते हैं:-

धनराशि रू0 लाख में

संस्था का नाम		वित्तीय वर्ष 2021-22 में प्राविधानित धनराशि (रू0 लाख में)	अवमुक्त किये जाने हेतु धनराशि (रू0 लाख में)
1		2	3
अटल बिहारी वाजेपयी चिकित्साल विश्वविद्यालय, लखनऊ			
राजस्व	राजस्व 31- सहायता अनुदान-सामान्य (वेतन)	500.00	500.00
	20- सहायता अनुदान-सामान्य (गैर-वेतन)	500.00	83.00
	कुल	1000.00	583.00

1- वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप दिनांक 22.03.2021 के प्रस्तर-2(5) में उल्लिखित प्राविधानानुसार विगत वर्ष की कोई अप्रयुक्त धनराशि यदि अवशेष है, तो इसका पहले समायोजन करने के उपरान्त ही उक्त स्वीकृत धनराशि का उपयोग किया जायेगा तथा समायोजन का विवरण शासन को उपलब्ध कराया जायेगा।

2- स्वीकृत की जा रही धनराशि पी0एल0ए0/डाकघर/बैंक में नहीं रखी जायेगी।

3- स्वीकृत धनराशि का आहरण वास्तविक आवश्यकतानुसार एवं व्यय नियमानुसार किया जायेगा तथा इसका उपयोग उसी मद में किया जायेगा जिसके लिए धनराशि स्वीकृत की जा रही है। किसी अन्य मद में व्यय वित्तीय अनियमितता मानी जायेगी।

4- वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-3/2021/बी-1-375/दस-2021-231/2021, दिनांक 22.03.2021 तथा शासनादेश संख्या-2/2021/बी-1-347/दस-2021-16-94, दिनांक 10.03.2021 में उल्लिखित दिशा निर्देशों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा।

5- धनराशि को कोषागार से संस्थान के वित्त नियंत्रक द्वारा आहरित किया जाएगा एवं बिलों पर महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0 लखनऊ के प्रतिहस्ताक्षर प्राप्त किये जायेंगे।

3- यह आदेश वित्त विभाग के कार्यालय ज्ञाप संख्या-3/2021/बी-1-375/दस-2021-231/2021, दिनांक 22.03.2021 द्वारा प्रशासकीय विभाग को प्रतिनिहित किए गये अधिकारों के अधीन निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीय

(आलोक कुमार)
प्रमुख सचिव।

संख्या-18/2021/62745(1)/71-4-2021-तद्दिनांक-

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- निजी सचिव, मा0 मंत्री चिकित्सा शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन।
2- महालेखाकर, (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, प्रयागराज।
3- प्रधान महालेखाकार, (सिविल आडिट) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, प्रयागराज।
4- कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
5- महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0, लखनऊ।
6- वित्त अधिकारी, अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय, उ0प्र0, लखनऊ।
7- वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-3/नियोजन अनुभाग-4/वित्त (आय-व्ययक)अनुभाग-2
8- नोडल ऑफिसर/संयुक्त सचिव, चिकित्सा शिक्षा अनुभाग-2, उ0प्र0 शासन
9- निदेशक, स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग, उ0प्र0, प्रयागराज।
10- गार्ड फाइल।

आज्ञा से

(अनिल कुमार सिंह)
संयुक्त सचिव